भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 727**

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

**पोषण अभियान**

**727. डॉ. बायरेड्डी शबरी:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क) क्या केंद्र सरकार के पास आंध्र प्रदेश में 2019-2024 के दौरान लागू किए गए पोषण अभियान के संबंध में कोई आंकड़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास उक्त राज्य के मातृ पोषण मानकों के संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास नान्दयाल के सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले पोषण के स्तर के संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार के पास नान्दयाल क्षेत्र में नवजात शिशु से लेकर 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संकेतकों के संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

क) पोषण अभियान 8 मार्च 2018 को शुरू किया गया था। 15वें वित्त आयोग के तहत आंगनवाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान और किशोरियों के लिए योजना (आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 14-18 वर्ष) को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण

2.0) के अंतर्गत शामिल किया गया है ताकि बेहतर पोषण सामग्री और वितरण के माध्यम से कुपोषण की चुनौती का समाधान किया जा सके।

आंध्र प्रदेश में कार्यान्वित मिशन पोषण 2.0 से संबंधित आंकड़े इस प्रकार हैं:

| **विवरण** | **ब्यौरा** |
|---|---|
| पंजीकृत लाभार्थी* | |
| i) गर्भवती महिलाएं | 2,73,818 |
| ii) स्तनपान कराने वाली माताएं | 1,98,326 |
| iii) बच्चे (0 - 6 माह) | 1,87,622 |
| iv) बच्चे (6माह - 3 वर्ष) | 14,09,424 |
| v) बच्चे (3 - 6 वर्ष) | 11,80,386 |
| vi) राज्य के आकांक्षी जिलों में किशोरियां (14 - 18 वर्ष) | 55,821 |
| वर्ष 2018 से मार्च 2024 तक राज्य में जन आंदोलन के तहत आयोजित कुल गतिविधियाँ | 2,43,96,696 |

* पोषण ट्रैकर पर जून 2024 माह के लिए उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार

ख) महिलाओं में मातृ पोषण मानकों के आंकड़े राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के तहत जारी किए जाते हैं जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जाता है। एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण पोर्टल (http://rchiips.org/nfhs/factsheet_nfhs-5.shtml) पर उपलब्ध है।

ग) आंध्र प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या 55,607 है और नांदयाल जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या 1,663 है। आंध्र प्रदेश ने 2868 आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नत करने का प्रस्ताव दिया है जिनमें से नांदयाल जिले में कोई भी प्रस्तावित नहीं है।

वर्ष 2024-25 (पहली और दूसरी तिमाही के लिए) के दौरान गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम और किशोरियों के लिए योजना के तहत नंदयाल जिले सहित आंध्र प्रदेश के

सभी जिलों को 14943.36 मीट्रिक टन गेहूं और 21042.2 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल आवंटित किया गया है। पूरक पोषण कार्यक्रम के तहत नंदयाल जिले सहित आंध्र प्रदेश के सभी जिलों को 327.40 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

घ) जून 2024 के माह में नांदयाल जिले में 6 वर्ष से कम आयु के कुल 118,069 बच्चों का मापन किया गया है। पोषण ट्रैकर पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जून 2024 के माह के लिए नांदयाल जिले में 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए पोषण संकेतक इस प्रकार हैं:

| **विवरण** | **ब्यौरा** |
|---|---|
| ठिगनापन | 33% |
| दुबलापन* | 6% |
| अल्प वजन | 18% |

*5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए

*****